भारत सरकार पंजीयन संख्या : RAJHIN/2010/45988

सांध्यकालीन ऑनलाइन अखबार

# देवेन्द्र वाणी


वर्ष : 4, अंक : 184 शुक्रवार बीकानेर, 03 जुलाई 2026

अपनी खबरों को प्रकसशित करवानें और विज्ञापन के लिए वॉट्सअप नम्बर पर सम्पर्क करें।
8949456440
E-mail
devendravani@gmail.com

# पीएम मोदी कल राजस्थान में

## पचपदरा रिफाइनरी का करेंगे उद्घाटन

**जयपुर / बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानी शनिवार को मरुधरा की धरती पर करीब 80 हजार करोड़ रुपये की दो बड़ी परियोजनाओं की सौगात देने आ रहे हैं। इस मेगा इवेंट के जरिए पीएम मोदी विकास की नई इबारत लिखेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री शनिवार सुबह 11:45 बजे जोधपुर पहुंचकर सबसे पहले बहुप्रतीक्षित नए एयरपोर्ट टर्मिनल का रिमोट से बटन दबाकर लोकार्पण करेंगे, जिसके साथ क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान-2' का भी आगाज होगा। इसके बाद वे हेलिकॉप्टर से बालोतरा के पचपदरा पहुंचेंगे। वहां स्थित देश के सबसे आधुनिक तेल के कुएं यानी 'एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी' का उद्घाटन करेंगे। पचपदरा रिफाइनरी ऐसे समय में बनकर शुरू हो रही है जब पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट गहराया हुआ है। पश्चिमी देशों में रिफाइनिंग क्षमता कम हो रही है, वहीं चीन



के शानडोंग प्रांत में टैक्स और कम मार्जिन के चलते 'टीपॉट रिफाइनर्स' के 5 लाख बैरल प्रतिदिन क्षमता के संयंत्र बंद होने की स्थिति में हैं। ऐसे वैश्विक संकट के बीच, पचपदरा की 9 मिलियन टन प्रतिवर्ष रिफाइनिंग और 2.4 मिलियन टन प्रतिवर्ष पेट्रोकेमिकल उत्पादन क्षमता वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति को एक महाशक्ति के रूप में मजबूत करेगी। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीपसिंह पुरी के अनुसार, करीब 79,459 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह ग्रीनफील्ड रिफाइनरी देश में पिछले 10 साल में स्थापित पहली रिफाइनरी-कम-कॉम्प्लेक्स है। इससे पहले 2016 में पारादीप रिफाइनरी शुरू हुई थी। इस रिफाइनरी ने पिछले 12 जून से ही कच्चे तेल को प्रोसेस करना शुरू कर दिया है। इसके सीडीयू/वीडीयू से नैफ्था और एलपीजी का उत्पादन भी शुरू हो चुका है, जबकि अन्य ब्लॉक कमिशनिंग के एडवांस स्टेज में हैं।

# मानसून ने पकड़ी रफ्तार!

## 31 जिलों में बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी



**बीकानेर।** मानसून अब धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में अपनी पकड़ मजबूत करता जा रहा है। शुक्रवार, 3 जुलाई 2026 की शाम तक मानसून ने उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभाग के कई नए इलाकों में दस्तक दे दी है। फिलहाल मानसून की उत्तरी सीमा उदयपुर, अजमेर और झुंझुनूं जिलों से होकर गुजर रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 से 4 दिनों में प्रदेश के बाकी अधिकांश हिस्सों में भी मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। शाम के बाद भी कई जिलों में गरज-चमक, तेज हवाओं, बारिश और आकाशीय बिजली की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बीकानेर, नागौर, जोधपुर और श्रीगंगानगर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

इन इलाकों में कहीं-कहीं मध्यम से तेज मेघगर्जन के साथ 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की भी संभावना है। शाम और रात के समय मौसम अचानक बदल सकता है, इसलिए लोगों को विशेष सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### येलो अलर्ट वाले जिलों में भी बदल सकता है मौसम

चूरू, सीकर, डीडवाना-कुचामन, जयपुर, अजमेर, ब्यावर, पाली, राजसमंद, भीलवाड़ा, झालावाड़, धौलपुर, करौली, भरतपुर, डीग, दौसा, अलवर, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, झुंझुनूं, टोंक, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, बारां, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 4 जुलाई को राज्य के अधिकांश हिस्सों में मानसून सक्रिय रहेगा। पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी जिलों में कई स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश हो सकती है, जबकि कुछ इलाकों में अति भारी वर्षा की भी संभावना बनी हुई है। गरज-चमक, तेज हवाएं और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं। पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में भी बारिश का दायरा और बढ़ने के आसार हैं।

# केंद्र सरकार का सख्त कदम, सात चीनी बैटरी मैनेजमेंट ऐप्स हटाने के निर्देश

### Google और Apple को जारी किया नोटिस, ई-रिक्शा व इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी को दूर से बंद करने में हो रहा था दुरुपयोग



7 चीनी एप पर रोक (AI जेनरेटेड फोटो)

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को गूगल एंड्रॉइड और एपल आईओएस को नोटिस जारी कर एप स्टोर से सात बैटरी मैनेजमेंट ऐप्स हटाने का निर्देश दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को इन ऐप्स को लेकर चिंता थी कि इनका इस्तेमाल ई-रिक्शा तथा अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी को दूर से बंद करने के लिए गलत तरीके से किया जा रहा था। यह कदम इससे पहले तीन चीनी बैटरी मैनेजमेंट ऐप्स BAT-BMS, Lossigy और Epoch-i-ion को हटाने के आदेश के बाद उठाया गया है। अधिकारियों के अनुसार इन ऐप्स का इस्तेमाल ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के माध्यम से बैटरी संचालित वाहनों को बंद करने के लिए किया जा रहा था, जिससे वाहन मालिकों को नुकसान पहुंच रहा था।

# झूठी एफआईआर कराने वालों पर पुलिस का एक्शन

## एक महीने में 75 लोगों को कोर्ट ने सुनाई सजा

**बीकानेर।** अब किसी को झूठे मुकदमे में फंसाने या पुलिस को गुमराह करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर राजस्थान पुलिस ने ऐसे मामलों में अदालतों में मजबूत पैरवी शुरू की है, जिसका असर अब फैसलों में भी दिखाई देने लगा है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध) ने बताया है कि 1 जून से 28 जून, 2026 के बीच प्रदेशभर में 75 ऐसे मामलों में अदालतों ने फैसला सुनाते हुए झूठी शिकायत करने वाले लोगों को सजा और आर्थिक जुर्माने से दंडित किया है। वहीं, 1870 मामलों में अदालतों ने संज्ञान लेकर झूठी शिकायत करने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कई लोग जमीन विवाद, पैसों के लेन-देन या निजी रंजिश के चलते बलात्कार, लूट और अन्य गंभीर अपराधों की झूठी कहानियां बनाकर एफआईआर दर्ज करा देते हैं। इससे न केवल निर्दोष लोगों को परेशानी होती है, बल्कि पुलिस का समय भी बर्बाद होता है और असली पीड़ितों को समय पर न्याय मिलने



में देरी होती है।

सजा दिलाने के मामले में हनुमानगढ़ पुलिस सबसे आगे रही, जहां 18 मामलों में दोषियों को सजा और जुर्माना मिला। प्रतापगढ़ में 9, जयपुर ग्रामीण में 6 और कोटा शहर में 5 मामलों में अदालत ने दोषियों को सजा सुनाई. इसके अलावा अलवर, बांसवाड़ा, ब्यावर सहित कई जिलों में भी झूठी शिकायत करने वालों के खिलाफ अदालतों ने सख्त फैसले दिए। पुलिस मुख्यालय की ओर से साफ कहा गया है कि जो भी व्यक्ति झूठे सबूत तैयार करेगा या झूठी एफआईआर दर्ज कराकर पुलिस को गुमराह करेगा, उसके खिलाफ भी कानून के तहत कार्रवाई कर त्वरित ट्रायल कराया जाएगा।

# पट्टा प्रक्रिया को सरल करने के लिए कलक्टर को ज्ञापन

### बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुरेंद्रसिंह शेखावत ने शहरी सेवा शिविर को और ज्यादा प्रभावी बनाने की उठायी मांग

**बीकानेर।** शहरी सेवा शिविर - 2026 को अधिक प्रभावी बनाने और पट्टा वितरण प्रक्रिया के सरलीकरण की मांग को लेकर बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुरेंद्रसिंह शेखावत ने शुक्रवार को जिला कलक्टर एवं बीकानेर विकास प्राधिकरण (BDA) अध्यक्ष के नाम ज्ञापन कलक्टर की अनुपस्थिति में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) उम्मेदसिंह रतनू को सौंपा। डॉ. शेखावत ने ज्ञापन के जरिए प्राधिकरण के संचालन में आ रही गंभीर कमियों को उजागर किया। उन्होंने बताया कि वर्ष, 2013 के बाद विकसित हुई नई कॉलोनियों का कोई डेटाबेस उपलब्ध नहीं है। उन्होंने तिलक नगर, अंबेडकर कॉलोनी, पटेल नगर, शिवबाड़ी, गंगाशहर, भीनासर, रामपुरा बस्ती, सुभाषपुरा सहित दर्जनों क्षेत्रों का नाम लेते हुए मांग की कि जहां 50 प्रतिशत से अधिक आबादी बस चुकी है, वहां तत्काल पुनः सर्वेक्षण करवाकर सरलीकृत प्रक्रिया से पट्टे जारी किए जाएं। इसके अलावा, उन्होंने प्राधिकरण में लिपिकों और तकनीकी शाखा में जूनियर इंजीनियरों की भारी कमी का मुद्दा भी उठाया। डॉ. शेखावत ने कहा कि पट्टा संबंधी समस्त कार्य ऑनलाइन हो रहा है, लेकिन संविदा कंप्यूटर ऑपरेटरों की कमी के कारण काम कछुआ गति से चल रहा है। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए अतिरिक्त स्टाफ और ऑपरेटर तैनात करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार का विस्तार सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गया है और स्वतः संज्ञान लेकर कोई सर्वेक्षण नहीं किया जा रहा, जिससे आम नागरिक परेशान हैं।

# अब हाई वे पर बदलेगा सिस्टम, हटेंगे अतिक्रमण

### एम्बुलेंस को एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस में बदला जाएगा

**बीकानेर।** अभी हाल ही में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दौसा में हुए भीषण बस हादसे के बाद भजनलाल सरकार ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। राज्य सरकार ने इस घटना को केवल एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि पूरे सड़क सुरक्षा तंत्र के लिए गंभीर चेतावनी माना है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सूत्रों के मुताबिक बैठक में मुख्य सचिव ने स्पष्ट कहा कि अब सड़क दुर्घटनाओं में 'जीरो फेटेलिटी' यानी दुर्घटनाओं में मृत्यु की संख्या को न्यूनतम करने के लक्ष्य के साथ काम किया जाएगा।इसके लिए सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभागों को समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक का सबसे अहम फैसला राष्ट्रीय राजमार्गों पर राज्यव्यापी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का रहा। जिला कलेक्टरों को सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स के माध्यम से अवैध पार्किंग और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।सरकार का मानना है कि सड़क पर बाधाएं और अवैध पार्किंग कई बार गंभीर हादसों की वजह बनती हैं। समीक्षा बैठक में बस और ट्रेलर की फिटनेस, बीमा, दोनों चालकों के रिकॉर्ड, दुर्घटना के बाद आग लगने के कारण, एफएसएल जांच और सीसीटीवी फुटेज सहित सभी पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही एक्सप्रेस-वे पर मोड़ों से पहले बड़े साइनेज, पर्याप्त रोशनी, रिफ्लेक्टर, रम्बल स्ट्रिप्स और इलेक्ट्रॉनिक चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए गए।

### गोल्डन ऑवर में बेहतर इलाज पर रहेगा फोकस

सरकार ने माना कि सड़क दुर्घटना के बाद शुरुआती 'गोल्डन ऑवर' में समय पर और बेहतर इलाज मिलने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों पर चरणबद्ध तरीके से बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस में बदला जाएगा। इसके अलावा ट्रॉमा सेंटर, फायर ब्रिगेड और क्रेन की वैज्ञानिक दूरी पर उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। परिवहन विभाग को भारी और व्यावसायिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप अनिवार्य कराने के लिए विशेष अभियान चलाने और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही परिवहन यूनियनों और बस ऑपरेटरों के साथ नियमित बैठकें कर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को एक्सप्रेस-वे के इंटरचेंज और निकास स्थलों की डिजाइन सुधारने, अलग लेन विकसित करने, तकनीकी खामियां दूर करने और पुलिस पेट्रोलिंग मजबूत करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# डूंगर कॉलेज में छात्र आंदोलन तेज, मांगों को लेकर पानी की टंकी पर चढ़े पांच छात्र

देवेन्द्र वाणी बीकानेर

**बीकानेर।** राजकीय डूंगर कॉलेज में मंगलवार को छात्रहितों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलन के दौरान पांच छात्र नेता कॉलेज परिसर स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए, जिससे कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया। टंकी पर चढ़ने वालों में राकेश गोदारा, दिनेश सारण, दिनेश चौधरी, सौरभ विश्नोई और भागीरथ चौधरी शामिल थे। वहीं नीचे बड़ी संख्या में छात्र एकत्र होकर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। प्रदर्शनकारी छात्रों ने खेल मैदान की व्यवस्थाओं में सुधार, पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने, शैक्षणिक गतिविधियों को नियमित करने, प्रोफेसरों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध जताया। उनका आरोप था कि लंबे समय से मांगें उठाने के बावजूद कॉलेज प्रशासन ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। काफी देर तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद



कॉलेज प्रशासन और छात्र प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई। प्रशासन ने मांगों पर निर्धारित समय में कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद टंकी पर चढ़े छात्र नीचे उतर गए और मामला शांत हुआ। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा में मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# मुक्ताप्रसाद सीएचसी में आरएमआरएस बैठक, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर चर्चा



देवेन्द्र वाणी बीकानेर

**बीकानेर।** मुक्ताप्रसाद नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को रोगी कल्याण समिति (आरएमआरएस) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा भविष्य की विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। संयुक्त निदेशक डॉ. देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को स्वच्छता, दवा उपलब्धता और चिकित्सा सेवाओं को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। भाजपा शहर जिला महामंत्री एडवोकेट कौशल शर्मा ने स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित सेवाएं, आधुनिक उपकरण, स्वच्छ वातावरण और मरीजों की समस्याओं के त्वरित समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र की बड़ी आबादी के लिए महत्वपूर्ण चिकित्सा संस्थान है और यहां सुविधाओं का निरंतर विकास होना चाहिए। बैठक में डॉ. कल्पना, डॉ. शाहिना, महेन्द्र चारण, तरुण वर्मा, रमेश गौड़, सत्यप्रकाश खत्री, रितेश सिन्हा, सुरेंद्र गोयल, नागेंद्र शर्मा और सत्यप्रकाश शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में जनसहभागिता के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाने का संकल्प लिया गया।

# जय सिंह हत्याकांड: परिजनों ने निष्पक्ष जांच और मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की उठाई मांग



देवेन्द्र वाणी बीकानेर

**बीकानेर।** मुक्ता प्रसाद थाना क्षेत्र के चर्चित जय सिंह हत्याकांड को लेकर मृतक के परिजनों ने पुलिस जांच पर सवाल उठाते हुए मामले की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराने की मांग की है। इस संबंध में परिजनों ने पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मुख्य आरोपित बताई जा रही कुंजिका कंवर की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग भी की। ज्ञापन में परिजनों ने कहा कि मामले में दो आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन कथित साजिशकर्ता की भूमिका की अब तक निष्पक्ष और गहन जांच नहीं की गई। उनका आरोप है कि घटना से पहले हुई फोन कॉल, पारिवारिक विवादों की पृष्ठभूमि तथा अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों की समुचित पड़ताल नहीं हुई है। परिजनों ने यह भी दावा किया कि घटनास्थल से जुड़े कई अहम पहलुओं और सीसीटीवी फुटेज की भी पूरी तरह जांच नहीं की गई। उनका कहना है कि मामले के सभी तथ्यों को सामने लाने के लिए जांच किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को सौंपी जानी चाहिए। परिजनों ने आशंका जताई कि पुलिस जल्द ही मामले में चालान पेश करने की तैयारी कर रही है, जबकि कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जांच अभी अधूरी है। उन्होंने मांग की कि सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# गौवंश को हरा चारा खिलाया, जरूरतमंदों को करवाया भोजन

देवेन्द्र वाणी बीकानेर



**बीकानेर।** भौतिकवादी युग में जहां लोग दिखावा कर अपने जन्मदिन को मनाते है। वहीं कुछ लोग ऐसे भी होते है। जो इससे दूर जीव कल्याण की भावना को प्राथमिकता देकर अपने जन्मदिन को यादगार बनाने का प्रयास करते है। कुछ ऐसा ही आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मोहन सिंह राठौड़ ने किया। जब उन्होंने शुक्रवार को उदासर स्थित गौशाला में पहुंचकर सौ क्विंटल हरा चारा गौवंश को खिलाया। इस मौके पर उनके साथ सलवीर समेजा,कालू सिंह,किशन पंडित,हर्षित स्वामी,चयन जोशी,शंकरलाल जाट,शौर्य विश्नोई सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे। राठौड़ ने कहा कि इस तरह से जन्मदिन मनाकर अपने आप को सुकुन महसूस होता है। गौवंश की सेवा ही सही मायने में जन्मदिन मनाने की सार्थकता को सिद्ध करता है। इसके बाद राठौड़ ने जरूरतमंदों को भोजन करवाकर नर सेवा नारायण सेवा का संदेश दिया।

# निर्माण कार्य के दौरान हादसा, छत से गिरने पर श्रमिक की मौत

देवेन्द्र वाणी बीकानेर

**बीकानेर।** गंगाशहर थाना क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसे में श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बिहार निवासी 49 वर्षीय सुभाष मुण्डिया बीकानेर में मजदूरी का कार्य करता था। 1 जुलाई की शाम करीब 6:30 बजे वह गंगाशहर क्षेत्र में स्थित एक मकान की छत पर भराई का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद साथियों ने घायल श्रमिक को तत्काल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर गंगाशहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक की रिश्तेदार सुशीला मुण्डिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 194 के तहत मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई मांगीलाल कर रहे हैं। मृतक रोजगार के सिलसिले में बिहार से बीकानेर आया हुआ था।

# श्री लक्ष्मीनाथ जी पार्क में शनिवार को होगा श्रमदान एवं सफाई अभियान

## 33 वर्ष पूर्व यहीं विकसित हुआ था बाल उद्यान, समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

देवेन्द्र वाणी बीकानेर

**बीकानेर।** श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर विकास एवं पर्यावरण समिति द्वारा श्री शांति विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय, शीतला गेट के सहयोग से आगामी 4 जुलाई, शनिवार को प्रातः 7:00 से 10:00 बजे तक श्री लक्ष्मीनाथ जी पार्क में 'श्रमदान एवं सफाई अभियान' का आयोजन किया जाएगा। समिति के सचिव सीताराम कच्छावा ने बताया कि गुरुवार को समिति के सदस्यों तथा पार्क में आने वाले प्रबुद्ध जनों की बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया। बैठक में नरोत्तम आचार्य, बाबूलाल सोनी, नरेंद्र शर्मा, चंद्र प्रकाश, किशोर आचार्य, प्रकाशवीर सोनी, मेघराज सोलंकी, शशि मोहन दरगड़, गोपाल अग्रवाल, रतन सिंह, गणेश सोनी, एम.डी. खत्री, हरि प्रकाश सोनी एवं निर्मल सोनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सीताराम कच्छावा ने बताया कि आज से 33 वर्ष पूर्व 4 जुलाई 1993 को ही समिति के प्रयासों से नगर निगम बीकानेर द्वारा श्री लक्ष्मीनाथ जी पार्क में 'बाल उद्यान' विकसित किया गया था तथा झूले लगाए गए थे। इसके साथ ही वर्षों से बंद पड़े फव्वारे का पुनर्निर्माण कराकर उसे चालू किया गया था तथा समिति सदस्यों द्वारा 'श्रमदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम' भी आयोजित किया गया था। उस अवसर पर तत्कालीन जिला कलेक्टर राम खिलाड़ी मीणा, नगर परिषद प्रशासक बी.एन. अग्निहोत्री एवं एसबीबीजे के सहायक महाप्रबंधक कुमार सिंह बघेल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे थे।






# पुरानी रंजिश में फिर पथराव
# वायरल वीडियो से इलाके में तनाव

देवेन्द्र वाणी बीकानेर

**बीकानेर।** शहर के सर्वोदय बस्ती क्षेत्र में पुरानी रंजिश एक बार फिर विवाद का कारण बन गई। मोहर्रम चौकी के पास हुई कथित पथराव की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। वीडियो में एक युवक एक मकान की ओर लगातार पत्थर फेंकता दिखाई दे रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इससे पहले भी उनके घर पर पथराव की घटना हुई थी, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। उनका कहना है कि शिकायत के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को एक बार फिर मकान को निशाना बनाकर पत्थरबाजी की गई। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि घटना के समय आरोपी युवक नशे की हालत में था और उसने खुलेआम उत्पात मचाया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में लोगों में आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और शिकायत के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है तथा तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

